# षोडश बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-06 सोमवार, दिनांक-02 मार्च, 2020 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.04 बजे अपराह्न तक ।**

[1] **प्रश्नकाल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-13 स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरित ।
(iii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ट ।
(iv) 26 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(v) 11 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(vi) 69 तारांकित प्रश्न अनागत ।

तारांकित प्रश्न संख्या-561 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि जिन प्रश्नों का ऑनलाईन उत्तर उपलब्ध रहता है उसे अगर वे पढ़ कर सदन में आएंगे तो सदन का समय बचेगा और ज्यादा से ज्यादा प्रश्नों का उत्तर हो पाएगा ।

[2] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विजय कुमार खेमका
(ii) श्री समीर कुमार महासेठ
(iii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(iv) श्री तार किशोर प्रसाद
(v) श्री महबूब आलम

**[3] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी एवं अन्य सभासदों का नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए माननीय मंत्री द्वारा समय की मांग की गई ।

(ii) माननीय सदस्य श्री शिवचन्द्र राम एवं अन्य सभासदों का समाज कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ट हुआ ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा अनुरोध किया गया कि वे अपने अपने स्थान पर जाएं ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.17 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[4] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2019-2020 के तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांग [ग्रामीण विकास विभाग] पर वाद-विवाद तथा मतदान :-**

माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांग में से ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री रामदेव राय द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांग (ग्रामीण विकास विभाग) पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री शिवचन्द्र राम

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य, श्री रामचन्द्र सहनी ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री रत्नेश सादा
(iii) श्री जिवेश कुमार
(iv) श्री रामानुज प्रसाद
(v) श्री चन्द्रसेन प्रसाद
(vi) श्री सत्यदेव राम
(vii) श्री रामप्रीत पासवान
(viii) श्री समीर कुमार महासेठ
(ix) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(x) श्री मदन मोहन तिवारी
(xi) श्री मोहम्मद नवाज आलम

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

सरकार की ओर से माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग श्री श्रवण कुमार द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के कई माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदुपरान्त् माननीय सदस्य श्री रामदेव राय का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

इसके उपरान्त वित्तीय वर्ष 2019-20 की तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरण में सम्मिलित शेष अनुदान की मांगें बारी-बारी से मुखबंध (गिलोटीन) द्वारा स्वीकृत हुआ ।

## विधायी कार्य

## राजकीय (वित्तीय) विधेयक "बिहार विनियोग विधेयक, 2020"

माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-वित्त मंत्री, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा बिहार विनियोग विधेयक, 2020 को सदन की अनुमति से पुरःस्थापित किया गया तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खंडशः विचार के क्रम में सभी खण्ड एवं अनुसूची विधेयक के अंग बने ।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[5] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 34 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-03 मार्च, 2020 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-02.03.2020

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।